राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

“इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर”

<u>कोर्स रिपोर्ट</u>

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार “इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर” विषय पर 03 दिवसीय कोर्स दिनांक 05.04.2017 से 07.04.2017 तक आयोजित किया गया है।



इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 26 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। इस कोर्स के कोर्स डायरेक्टर श्री संजीव नैन, सहायक निदेशक (प्रशासन) ने कोर्स की प्रस्तावना के साथ कोर्स की शुरूआत की व “इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर” के विभिन्न आयामों व उनका पुलिस कार्यप्रणाली व अनुसंधान में महत्व के बारे में बताया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि प्रात: 09.45 से सांय 05.30 तक रही है, जिसमें इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर विषय पर विभिन्न कानूनों की जानकारी, पुलिस व्यवहार से सम्बन्धित जानकारी, पुलिस व्यवहार एवं मानवाधिकार, पीपल फ्रेण्डली पुलिसिंग, गिफ्तारी व्यक्तियों के साथ व्यवहार, महिलाओं के साथ पुलिस का व्यवहार, जनता में पुलिस की छवि आदि की जानकारी विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। आमंत्रित अतिथि व्यख्याताओं में न्यायपालिका,

राजस्थान प्रशासनिक सेवा, प्रोफेसर, मीडिया, क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने उपस्थित होकर व्याख्यान दिये साथ ही पूर्व महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग, भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत एवं मौजूदा पुलिस अधिकारियों ने अपने अनुभव प्रशिक्षणार्थियों से साझा किये।

कोर्स के दौरान डॉ; श्री एम. के. देवराजन, पुलिस महानिदेशक (से.नि.), ने कोर्स के प्रथम सत्र में पुलिस व्यवहार में सुधार पर मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। डॉ. श्रीमती अनिता हाडा सांगवान, एसिस्टेन्ट प्रोफेसर ने नागरिकों के साथ पुलिस का बेहतर व्यवहार विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री हेमन्त नाहटा, वरिष्ठ अधिवक्ता (क्राइम), ने पुलिस विहेवियर- एक्सपेक्टेशन्स एण्ड ग्राउण्ड रियरलटीज विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री एम. एम. अत्रे, आई.जी.पी. (से.नि.), ने पुलिस व्यवहार एवं मानवाधिकार विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

श्री श्रीपाल शक्तावत, स्टेट हैड, ई.टी.वी., राजस्थान ने पुलिस बिहेवियर- पब्लिक परसेप्शन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री महेन्द्र पारख, आर.ए.एस., एस.ए. टू होम मिनिस्टर, राज. ने पीपल फ्रेण्डली पुलिसिंग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. श्रीमती लाडकुमारी जैन, पूर्व राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने महिलाओं के साथ पुलिस का व्यवहार विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री बी.एल; सोनी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एस.डी.आर.एफ.), राज. ने इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर बाय कम्यूनिटी पुलिसिंग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कोर्स के अन्तिम दिन श्री उमेश शर्मा, जिला न्यायाधीश (से.नि.), ने न्यायिक परिप्रेक्ष्य में पुलिस की सार्वजनिक छवि पुलिसिंग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री राजेन्द्र भानावत आई.ए.एस. (से.नि.), ने पुलिस बिहेवियर: एन एडमिनिस्ट्रेटिव व्यू पॉइन्ट विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री जी.एल. शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक (से.नि.), ने पुलिस पब्लिक रिलेशन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण में शामिल समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया गया। कोर्स के अंतिम दिवस दिनांक 07.04.2017, शुक्रवार को 05:00 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन-समारोह अकादमी स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल नं. 01 में किया गया जिसमें श्री राजीव दासोत, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक, आरपीए, जयपुर के उद्‌बोधन के पश्चात् प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।